# उत्तर प्रदेश रोजगार देने और औद्योगिकीकरण में अव्वल

## उपलब्धि

- मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स की रिपोर्ट में बात आई सामने
- रिपोर्ट के अनुसार यूपी सभी महत्वपूर्ण संकेतक पूरे कर रहा है

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में औद्योगिकीकरण के लिए किया जा रहा योगी सरकार का प्रयास रंग ला रहा है।

मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए जारी रिपोर्ट के अनुसार यूपी सभी महत्वपूर्ण संकेत पूरे कर रहा है। रिपोर्ट यूपी के शेयर में हुई वृद्धि को भी स्पष्ट करता है। वर्ष 2016 से वर्ष 2020 तक उद्योगों की संख्या 1.4 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी है। महामारी के बाद वित्त वर्ष 2021 की तुलना में वित्त वर्ष 2022 में उद्योगों में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि हिस्सेदारी भी 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 7 प्रतिशत हुई है। रोजगार दर में 2016 से 2020 तक 4.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जबकि भारत में हिस्सेदारी 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 6.8 प्रतिशत हुई है। महामारी के बाद रोजगार में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।